भावना तो भक्ति है भावना बलवान है भजन लिरिक्स

भावना तो भक्ति है,
भावना बलवान है,
भावना से खेल ना रे,
भावना भगवान है,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

bhawana to bhakti hai bhawana balwan hai

भावना से राम चौदह,
साल जंगल में रहे,
भावनावश कृष्ण राधे,
रानी के वश में रहे,
भावना से लिप्त होते,
भक्तिमय हनुमान है,
भक्तिमय हनुमान है,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

भाव से बढ़कर जहाँ में,
दूजी ना सौगात है,
भावना से खेल करना,
दुष्ट की औकात है,
भावना से खेलता वो,
आदमी शैतान है,
आदमी शैतान है,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

भावना ही कौरवों के,
नाश का कारण बनी,
वाल्मीकि की कलम से,
देखो रामायण बनी,
भावना के बिन अधूरा,
हर कोई इंसान है,
हर कोई इंसान है,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जैसी तेरी भावना है,
वैसा तू फल पाएगा,
'हर्ष' कांटे बोएगा तो,
कैसे कलियाँ पाएगा,
आदमी की जिंदगी में,
भावना प्रधान है,
भावना प्रधान है,
Bhajan Diary Lyrics,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

भावना तो भक्ति है,
भावना बलवान है,
भावना से खेल ना रे,
भावना भगवान है,
भावना तो भक्ति हैं।bd।

Singer – Mukesh Bagda Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com